Nai Dunia (Indore), 9th November 2022, Page – 02

# आइआइटी में हो सकेंगी राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाएं, तैयार हुआ खेल मैदान



आइआइटी इंदौर में खेल मैदान तैयार किया गया है। ● सौ. संस्थान

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर परिसर में आधुनिक भवनों के निर्माण, लैब और अन्य साधन जुटाने के साथ ही खेल गतिविधियों पर भी पूरा ध्यान दे रहा है। हाल ही में यहां आधुनिक खेल मैदान शुरू हुआ है जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं जुटाई गई हैं।

यहां क्रिकेट, फुटबाल, बास्केटबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस, वालीबाल और चैस की सुविधा विद्यार्थियों को मिलेगी। अब संस्थान में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं भी आसानी से हो सकती हैं। होस्टलों में रहने वाले विद्यार्थी देर शाम तक खेल सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। संस्थान के सूचना अधिकारी सुनील कुमार का कहना है कि करीब 500 एकड़ में फैले परिसर में कुछ वर्षों में काफी विकास कार्य हो चुके हैं।

विद्यार्थियों को हर तरह की सुविधा दी जा रही है। संस्थान में किराना, सब्जी, रेस्त्रां, स्टेशनरी, बैंक, एटीएम और कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। खेल मैदान की तैयारी भी कुछ वर्षों से चल रही थी। खेल मैदान तैयार होने से परिसर की खूबसूरती भी बढ़ गई है और विद्यार्थी खेल गतिविधियों से जुड़ रहे हैं।